अम्बाह स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय अम्बाह

स्वशासी ओपन बुक प्रणाली परीक्षा **मई जून 2021**

परीक्षार्थियों हेतु निर्देश

1. बी.ए./बी.एससी./बी कॉम तृतीय वर्ष के सभी प्रश्न पत्र **विषय एवं प्रश्नपत्र वार** महाविद्यालय की वेबसाइट www. ambahpgcollege.org के Downloads सेक्षन पर दिनांक .7 **जून 2021** को **दोपहर 4 बजे तक** एक साथ अपलोड कर उपलब्ध करा दिए जाएंगे।
2. उत्तर पुस्तिका का कवर पेज का प्रारूप महाविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया गया है परीक्षार्थी को इसे प्रत्येक उत्तर पुस्तिका के ऊपर लगाना है तथा सभी प्रविष्टियों की पूर्ति करनी है।
3. प्रवेश पत्र की फोटोकॉपी प्रत्येक उत्तर पुस्तिका के साथ लगानी है।**प्रवेश पत्र वितरण की तिथियों की सूचना कोरोना करफ्यू समाप्त होने पर माविद्यालय वेब साईट तथा कक्षा के Whatsapp ग्रुप पर दे दी जाएगी |**
4. स्नातक स्तर पर प्रत्येक विषय **के पाठ्यक्रमानुसार नियत समस्त** प्रश्न पत्र **पृथक पृथक होंगे** आधार पाठ्यक्रम, रसायन तथा गणित विषय के **तीन** प्रश्न पत्र होंगे **शेष विषयों में दो प्रश्न पत्र होंगे** । परीक्षार्थी को प्रत्येक प्रश्न पत्र के लिए पृथक–पृथक उत्तर पुस्तिका प्रयोग करनी है अर्थात आधार पाठ्यक्रम, रसायन एवं गणित विषय के लिए तीन–तीन तथा अन्य विषयों के लिए दो–दो उत्तर पुस्तिकाओं का प्रयोग **करना होगा |**
5. उत्तर पुस्तिका में A4 आकार के अधिकतम 16 पन्ने प्रयोग किये जा सकते हैं परीक्षार्थी पन्ने के दोनों ओर भी लिख सकता है। कागज की व्यवस्था परीक्षार्थी को स्वयं करनी होगी
6. परीक्षार्थी प्रश्नों के उत्तर देने के लिए केवल नीले या काले बॉल पेन का ही प्रयोग कर सकते हैं। प्रश्नों के उत्तर परीक्षार्थी को स्वयं अपने द्वारा लिखने हैं।
7. प्रश्नपत्र में किसी प्रकार की टंकण त्रुटि इत्यादि संबंधी समस्या हेतु उत्तर पुस्तिका जमा कराने के पश्चात परीक्षार्थी प्राचार्य को आवेदन दे सकते हैं जिसका नियमानुसार निराकरण किया जावेगा।
8. समस्त प्रश्नपत्रों की उत्तरपुस्तिकाएं परीक्षार्थी को स्वयं एकसाथ ही जमा करानी होंगी। अधूरे प्रश्न पत्रों की उत्तर पुस्तिकाएं जमा नही होंगी।
9. उत्तर पुस्तिकाओं का संग्रहण केंद्र केवल अम्बाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय ही होगा।
10. उत्तरपुस्तिकाएं जमा करने की समय सारणी वेबसाइट तथा महाविद्यालय सूचना पटल पर प्रकाशित कर दी गई है।
11. महाविद्यालय में मास्क लगाकर प्रवेष करना एवं **कोविड सम्बन्धी शासन** के नियमों का पालन **अनिवार्य है |**
12. परीक्षार्थी द्वारा समय सारणी अनुसार निर्धारित प्रारूप में उत्तर पुस्तिका जमा नहीं करने पर वह स्वयं उत्तरदायी होगा।

20/5/2021

प्राचार्य परीक्षा नियन्त्रक